दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665



अंक 02/100 | जयपुर | 29 अप्रैल /2025 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## खरगे का पीएम पर तंज, कहा- देश सबसे अहम, धर्म और भाषा बाद में



नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी ने पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को पूरा समर्थन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को इस समर्थन का सही तरीके से उपयोग करना चाहिए, सभी को विश्वास में लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

**हम सरकार के साथ...** खरगे ने कहा, मैं पहले ही कह चुका हूं कि उन्हें (प्रधानमंत्री को) सर्वदलीय बैठक में आना चाहिए था। उनका नहीं आना ठीक नहीं है... देश सबसे महत्वपूर्ण है, धर्म और भाषा बाद में आते हैं। इसलिए हम सभी को देश के लिए मिलकर लड़ना चाहिए। मैंने कई बार कहा है कि हम सरकार के साथ खड़े हुए हैं।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने टूबीम सुविधा का किया उद्घाटन**

## हमने कैंसर के उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी



नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को कहा कि कैंसर से लड़ना नीति निर्माताओं के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है और पिछले आठ वर्षों में उच्च गुणवत्ता वाले इलाज के लिए 3000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। वह यहां राज्य कैंसर संस्थान में टूबीम सुविधा (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में इस्तेमाल होने वाला लीनियर एक्सेलरेटर) का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमने कैंसर के उपचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। हमने जांच और पहचान के लिए अपने मानक को बढ़ा दिया है। 1,75,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) में मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गई है।

**इलाज के लिए 3000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित**

**जांच के लिए 30 वर्ष की आयु अनिवार्य...** नड्डा बोले- हमने जांच के लिए 30 वर्ष की आयु अनिवार्य कर दी है। नीति निर्माताओं के लिए कैंसर का उपचार एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। नड्डा ने कहा कि मुंह के कैंसर को लेकर 26.70 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की गई है, जिसके बाद 1.63 लाख मामले सामने आए। उन्होंने कहा, स्तन कैंसर के लिये 14.6 करोड़ लोगों की जांच की गई, जिसके परिणामस्वरूप 57,179 मामलों का पता चला। गर्भाशय ग्रीवा कैंसर को लेकर नौ करोड़ से अधिक लोगों की जांच की गई और 96,973 लोगों के इससे ग्रस्त होने का पता चला।

### कैंसर से आक्रामक तरीके से लड़ रही सरकार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, टूबीम सुविधा यहां उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराने में मदद करेगी। हमारी सरकार कैंसर से आक्रामक तरीके से लड़ रही है। कैंसर शब्द लोगों को डराता है, उन्हें भावनात्मक और आर्थिक रूप से तोड़ देता है। हम कम से कम समय पर हस्तक्षेप कर सकते हैं और सक्रिय रणनीति बनाकर मरीजों के जीवन को बेहतर बना सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि 20 राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और इतने ही तृतीयक कैंसर देखभाल संस्थान (टीसीसीसी) स्थापित किए गए हैं, जिनमें महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के छत्रपति संभाजीनगर और लातूर के भी संस्थान हैं। उन्होंने कहा कि हर साल 14.50 लाख लोगों में कैंसर पाया जाता है।

## कोई भी देश 100 फीसदी फुलप्रूफ खुफिया व्यवस्था नहीं रख सकता



तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को पहलगाम आतंकी हमले को खुफिया विफलता करार दिया। थरूर ने कहा, साफ तौर पर पूरी तरह से पुख्ता खुफिया जानकारी नहीं थी। इसमें कुछ विफलता जरूर रही। हमारे पास इस्राइल का उदाहरण है, जिसने दुनिया सबे अच्छी खुफिया सेवा के लिए जानते हैं और जिसे दो साल पहले सात अक्तूबर को अचानक हमले का सामना करना पड़ा।

**क्या बोले सांसद...** थरूर बोले- मेरे मुताबिक,जैसे इस्राइल युद्ध के खत्म होने तक जवाबदेही तय करने का इंतजार कर रहा है, वैसे ही हमें भी मौजूदा संकट को पूरी तरह से देखने के बाद सरकार से जवाबदेही मांगनी चाहिए। कोई भी देश कभी भी सौ फीसदी फुलप्रूफ खुफिया जानकारी नहीं रख सकता।

## रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, जैसलमेर में पारा 46.2 पर पहुंचा

### जैसलमेर में 7 साल का रिकॉर्ड टूटा, 20 जिले हीटवेव की चपेट में रहे, 1 मई से बारिश-आंधी का अलर्ट

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान में सोमवार को रिकॉर्ड तोड़ गर्मी रही। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री रहा। इससे पहले जैसलमेर में 30 अप्रैल 2018 में अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा समेत अन्य शहरों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दो दिन तेज गर्मी झेलनी पड़ेगी। 1 मई से राजस्थान में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है। जैसलमेर के अलावा बाड़मेर में भी भीषण गर्मी रही, जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में पिछले 5 साल में सर्वाधिक तापमान दर्ज हुआ। यहां पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। फलोदी, गंगानगर, बीकानेर, जालोर, पिलानी, चित्तौड़गढ़ और कोटा हीटवेव की चपेट में रहे। इन शहरों में सुबह 10 बजे बाद ही तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

### 2 शहरों को छोड़कर सभी शहरों में पारा 40 पार

राजस्थान में केवल प्रतापगढ़ और हनुमानगढ़ ऐसे शहर रहे, जहां तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। जबकि शेष सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ। फलोदी में तो रविवार रात न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां रात में दिन जैसी गर्मी रही और तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ।

**मुख्यमंत्री ने ली नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा बैठक : विमानन क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार**

# प्रतापगढ़, हमीरगढ़ में शीघ्र स्थापित हो फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइज़ेशन : सीएम भजनलाल शर्मा

### अत्याधुनिक हवाई सुविधाओं के विस्तार से अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

एजेंसी



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हवाई सुविधाओं का विस्तार करने के लिए राज्य सरकार ने दूरगामी निर्णय लिए हैं। इससे पर्यटन, शिक्षा एवं व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपेक्षित गति मिलेगी।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागरिक उड्डयन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक हवाई सुविधाएं उपलब्ध करने के क्रम में कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण साबित होगा। इस एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार एवं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के मध्य एमओयू हो चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की ईएचवी लाइन शिफ्टिंग और आरआरवीपीएनएल की लाइन शिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाएं।

### विरासत और आधुनिक सुविधाओं का संगम होगा जयपुर स्टेट टर्मिनल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट पर बनने जा रहे स्टेट टर्मिनल पर विश्व स्तरीय सुविधाएं विकसित की जाएं। इसमें ग्रीन एरिया, पार्किंग, मीटिंग हॉल आदि के संबंध में विशेष योजना बनाकर कार्य किया जाए ताकि आगंतुकों को श्रेष्ठ सुविधाएं एवं सेवाएं सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि टर्मिनल की बिल्डिंग के स्थापत्य में जयपुर की विरासत की झलक मिले और आधुनिक सुविधाएं भी विकसित हो। भविष्य में आगंतुकों की संख्या एवं हवाई सेवाओं के अनुरूप टर्मिनल का निर्माण किया जाए। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हवाई पट्टियों के उन्नयन और मरम्मत कार्य के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने उदयपुर हवाई अड्डे के विस्तार एवं उत्तरलाई हवाई पट्टी पर सिविल एन्क्लेव और अप्रोच रोड के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल की क्षमता 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख यात्री प्रतिवर्ष की जा रही है।

शर्मा ने प्रदेश में हवाई पट्टियों के उन्नयन और विस्तार की समीक्षा की। उन्होंने झुंझुनूं, आबू रोड़ और डूंगरपुर हवाई पट्टी के विस्तार व प्रतापगढ़ और हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा से सालासर और खाटूश्यामजी के लिए हवाई सुविधा और एयर एंबुलेंस सुविधा के विस्तार के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस की सुविधा से दूरस्थ स्थानों के लिए आपातकालीन चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी जिससे आमजन को राहत मिलेगी। शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में हुए एमओयू पर हुई प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का खौफ सामने आया**

# 'हम हाई अलर्ट पर, तय है कि भारत सैन्य हमला करेगा'

### बुलाई इमरजेंसी सीसीआई मीटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को कबूल कर लिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, आसिफ ने सोमवार को कहा है कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है। भारत के हमले के खतरे को देखते हुए ख्वाजा आसिफ ने पाकिस्तान की तैयारियों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, हमने अपने सुरक्षाबलों को मजबूत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि भारत की तरफ से हमला निश्चित है। इन हालात में कुछ कूटनीतिक फैसले लेने होंगे और यह फैसले लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने भारत की तरफ से किसी भी तरह के आक्रमण की संभावना को लेकर सरकार को जानकारी दी है। हालांकि, आसिफ ने इस मुद्दे पर ज्यादा जानकारी नहीं दी।

आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है और अगर हमारे अस्तित्व पर खतरा पैदा होता है, तो ही हम अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का इस्तेमाल करेंगे।



भारत ने इस घटना के मद्देनजर पाकिस्तान पर एक के बाद एक कार्रवाई जारी रखी है और सिंधु जल समझौता तोड़ने के बाद सोमवार को पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल्स से जुड़ी सामग्री को भी बैन करने का फैसला किया है।

गौरतलब है कि ख्वाजा आसिफ इससे पहले अपने एक बयान के जरिए सार्वजनिक रूप से कबूल चुके हैं कि पाकिस्तान सरकार तीन दशकों से आतंकी संगठनों को समर्थन और प्रशिक्षण देने का 'गंदा काम' करती आई है।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है। इस बात के कुछ सबूत होने चाहिए कि पाकिस्तान इसमें शामिल है या इन लोगों को पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था। ये सिर्फ खोखले बयान और कुछ नहीं।

### भारत को रोकने के लिए चीन-रूस के कदमों में गिरा पाकिस्तान

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए गए एक हालिया साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच में चीन और रूस की भागीदारी की बात की। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं। वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं, जिसे जांच का काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत झूठ बोल रहा हैं या सच। उन्होंने कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय दल को इस बात का पता लगाने दें।

## यूरोप में भारी ब्लैकआउट, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली।** यूरोपीय देश स्पेन, पुर्तगाल और फ्रांस में सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे ब्लैकआउट हो गया है। इससे तीनों देशों के मेट्रो, एयरपोर्ट, रेल और मोबाइल नेटवर्क ठप हो गए। इस ब्लैकआउट से लाखों लोग बिना बिजली के रहने पर मजबूर है। यूरोन्यूज पुर्तगाल के मुताबिक, पुर्तगाल और स्पेन की राजधानियों में कई मेट्रो ट्रेन स्टेशन के बीच सुरंगों में फंस गई हैं। लोग इन मेट्रो में फंसे हुए हैं।

पुर्तगाल पुलिस ने पुष्टि की है कि ट्रेनों का संचालन बंद है, पोर्टो और लिस्बन दोनों शहरों में मेट्रो सेवाएं बंद कर दी गई हैं और पूरे देश में ट्रैफिक सिग्नल भी प्रभावित हुए हैं।

**ब्लैकआउट की संभावित वजहें:** यूरोप की इलेक्ट्रिक ग्रिड में खराबी इस ब्लैकआउट की वजह हो सकती है। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम में अलारिक माउंटेन पर आग लग गई है। इससे पेरपिगन और पूर्वी नारबोन के बीच एक हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिसिटी लाइन को नुकसान पहुंचा है। पुर्तगाल की राष्ट्रीय विद्युत कंपनी आरईएन ने कहा कि इसे पावर आउट-रेज का एक संभावित कारण माना जा रहा है।

## महेश जोशी की पत्नी का निधन, मिली 4 दिन की अंतरिम जमानत

एजेंसी

**जयपुर।** पत्नी कौशल जोशी के निधन के बाद पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को 4 दिन के लिए अंतरिम जमानत मिली है। जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल में कौशल जोशी भर्ती थीं। सोमवार सुबह उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सोमवार उनकी रिमांड अवधि खत्म हो रही थी। जोशी को पीएमएलए मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इस दौरान सूचना मिली कि महेश जोशी की पत्नी का निधन हो गया। इस पर महेश जोशी के वकील ने कोर्ट के सामने अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई। कोर्ट ने सुनवाई की और 4 दिन की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली।

बताया जाता है कि पहले उन्हें कुछ घंटे के लिए जेल भेजा गया। इसके बाद उन्हें जमानत दी गई। दोपहर करीब 3 बजे महेश जोशी स्टेशन रोड स्थित अपने घर पहुंच गए। उनकी पत्नी का चांदपोल मोक्षधाम में शाम करीब 4.30 बजे अंतिम संस्कार होगा। खबरों की दुनिया के प्रधान संपादक, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. एलसी भारतीय ने जोशी की पत्नी के निधन पर संवेदना व्यक्त की है।



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने महेश जोशी से मिलकर संवेदना जताई।

### किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं

महेश जोशी की पत्नी कौशल जोशी लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं। पिछले दिनों किडनी फेलियर होने के साथ ही ब्रेन हेमरेज हो गया था। इसके कारण उन्हें मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले किडनी और दूसरे ऑर्गन्स में प्रॉब्लम के चलते लंबे समय तक एसएमएस हॉस्पिटल में भी भर्ती रही थीं।


## भारत और फ्रांस के बीच राफेल डील साइन

**63 हजार करोड़ रुपए में 26 राफेल मरीन मिलेंगे, पहला फाइटर जेट 2028 में भारत पहुंचेगा**

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस के बीच सोमवार को नई दिल्ली में 26 राफेल मरीन विमानों की डील साइन हो गई। भारत की तरफ से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने डील पर साइन किए। डील के तहत भारत, फ्रांस से 22 सिंगल सीटर विमान और 4 डबल सीटर विमान खरीदेगा। ये विमान परमाणु बम दागने की क्षमता से लैस होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के साथ ये डील करीब 63,000 करोड़ रुपए में हो रही है। हथियारों की खरीद के मामले में यह फ्रांस के साथ भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील है।

## बाघिन आरबीटी-2313 ने दिया 2 शावकों को जन्म

**सवाई माधोपुर।** वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रणथंभौर टाइगर रिजर्व की फलौदी रेंज के नाका बोदल के खारिया खाल वन क्षेत्र में बाघिन आरबीटी-2313 व उसके 2 शावक सोमवार को सुबह कैमरा ट्रैप में कैद हुए हैं।



जिसकी सूचना वनकर्मियों ने उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बाघिन की मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग शुरू कर दी गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बाघिन आरबीटी-2313, बाघिन टी-79 की बेटी है। जिसकी उम्र करीब 4 साल है। बाघिन की टेरेटरी बोदल वन्य क्षेत्र में है।

**जयपुर के रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली'**


# पहलगाम पर सर्वदलीय बैठक में पीएम नहीं आए : खड़गे

### राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने कहा- एक के बदले 100 सिर का क्या हुआ मोदीजी

एजेंसी

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा- देश की बदकिस्मती है कि जब देश के स्वाभिमान को धक्का पहुंचा हो, उस वक्त आप बिहार में चुनावी भाषण कर रहे थे।

सर्वदलीय बैठक में सब दलों के नेता आए, लेकिन दुख है कि पीएम मोदी उस बैठक में नहीं आए।



बिहार दूर था क्या? सर्वदलीय बैठक में पीएम आते और योजना बताते। हमसे क्या मदद चाहिए। खड़गे सोमवार को जयपुर के रामलीला मैदान में कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पहले पुलवामा में हुआ, अब पहलगाम में हुआ, यह चूक कहां हुई, यह पूछने का हिंदुस्तानी को अधिकार है। मोदीजी आपने वादे किए थे उनका क्या हुआ? एक के बदले 100 सिर कब आएंगे, उस वादे का क्या हुआ?

खड़गे ने कहा कि आप (मोदी) 56 इंच की छाती की बात करते हो। अरे बाबा, कम से कम पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में बैठते तो हमें पता लगता कि क्या करने वाले हैं? हम सब पार्टियों के लोग थे, लेकिन उस पर कभी नजर करने की कोशिश नहीं की। ऐसा तो प्रधानमंत्री का एटीट्यूड है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले-अंबेडकर ने संविधान बनाया। उसी कारण एक मामूली चाय बेचने वाला आदमी पीएम बन सकता है। मेरे जैसा मिल मजदूर का बेटा देश के विपक्ष का नेता बन सकता है। संविधान रहा तो ही आप पीएम बनेंगे, गृह मंत्री बनेंगे। आज जितनी भी बड़ी स्कीम हैं, वो सब कांग्रेस की देन हैं। मोदी ने क्या दिया? मोदी ने महंगाई और बेरोजगारी दी है। मोदी 56 इंच की बात करते थे। अब मोदी की 56 इंच की छाती सिकुड़ गई है। हमारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली मंदिर गया। उस मंदिर को इनके मूंछों वाले एक नेता ने गंगाजल से धुलवाया। अब हिंदू एकता की बात कहां गई? अमित शाह और इनके चेले चुनाव से पहले दलितों के घर जाकर खाना खाते थे। ऐसी खबरें चलती थी। ये दलित-पिछड़ों के ही बनाए तालाब से उन्हें पानी नहीं पीने देते। दलित-पिछड़े मूर्ति बनाते हैं, लेकिन उन्हें मूर्ति के हाथ नहीं लगाने देते। शाह और मोदी दलित-पिछड़ों को झुकाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन झुकने वाले नहीं हैं।

### गहलोत बोले- देश के लिए बलिदान देने वाले गांधी परिवार पर केंद्र सरकार हमले कर रही

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- सोनिया और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में चालान पेश कर दिया। कोई कैश ट्रांजैक्शन नहीं हुआ। गांधी परिवार का कोई सदस्य 35 साल से किसी पद पर नहीं है। सोनिया गांधी ने पीएम का पद स्वीकार नहीं किया। राहुल गांधी ने पीएम पद लेने से मना कर दिया था। गांधी परिवार ने देश के लिए बलिदान दिए हैं। पंडित नेहरू आजादी के लिए जेल में रहे। आनंद भवन देश हित में दान कर दिया। इंदिरा और राजीव गांधी देश की एकता-अखंडता के लिए शहीद हो गए। उस परिवार पर आज हमले किए जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में वोटर्स से ज्यादा वोट पड़े : पायलट

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा- आज संविधान पर हर तरफ से हमले किए जा रहे हैं। बीजेपी संविधान के प्रावधानों को कमजोर कर रही है। इसका डटकर मुकाबला करना है। चुनाव आयोग कमजोर हो गया है। महाराष्ट्र में वोटर्स से ज्यादा वोट पड़ गए, इसे क्या कहा जाएगा? चुनाव आयोग क्या कर रहा था?

# कृषि मंत्री ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 8 करोड़ 25 लाख रुपये के कार्यों का किया भूमिपूजन

मरुधर विशेष

**करन सोनी बलरामपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बलरामपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पस्ता, चिलमा, खटवाबरदर और सरगवां में आज कुल 8 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण एवं महतारी सदन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास संपन्न हुआ। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर-रामानुजगंज प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत पस्ता में आयोजित कार्यक्रम में इन कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, जिससे विकास को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और इसके तहत बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत चयनित जनजातियों को घर, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।




मंत्री नेताम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पहली ही बैठक में रुके हुए आवासों को स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही जो पात्र परिवार पहले योजना से वंचित रह गए थे, उनका पुनः सर्वेक्षण कराया जा रहा है, ताकि हर पात्र परिवार के पक्के मकान के सपने को साकार किया जा सके। इसके साथ ही क्षेत्र की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पस्ता में खेल मैदान के लिए भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामणि निकुंज ने कहा कि आज जिन कार्यों का भूमिपूजन किया गया है, वे लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत से पूरे किए जाएंगे और इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही इन सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से दूरस्थ अंचलों में निवास करने वाली महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। योजना से न केवल महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है। गौरतलब है कि भूमिपूजन किए गए कार्यों में ग्राम पंचायत पस्ता में 25 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण शामिल है।

साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य प्रारंभकिए जा रहे हैं। इनमें खटवाबरदर पीडब्ल्यूडी रोड से गोचरपारा तक 1.80 किलोमीटर सड़क निर्माण, सरगवां में पाढ़ी पस्ता पीएमजीएसवाई दाहीडाड़ रोड से डुगूपारा तक 2.80 किलोमीटर सड़क निर्माण, चिलमा में पीएमजीएसवाई बासीमुड़ा रोड से इमलीपारा तक 1.00 किलोमीटर सड़क निर्माण, पस्ता बासीमुड़ा चिलमा रोड से स्कूलपारा तक 1.03 किलोमीटर सड़क निर्माण, चिलमा बासीमुड़ा रोड से रस्टोंगरी तक 1.00 किलोमीटर सड़क निर्माण, पस्ता में अम्बिकापुर-पस्ता एनएच से कठरापारा तक 2.23 किलोमीटर सड़क निर्माण, पस्ता बासीमुड़ा पीएमजीएसवाई रोड से गहनाडाड़ तक 1.00 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा पतरापाली से धुधरवा तक 1.00 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्रीय विकास को मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में पिछड़ा आयोग के सदस्य कृष्णा गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरामणि निकुंज, जनपद अध्यक्ष सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष बबली देवी, जिला पंचायत सदस्य अनीता मरकाम, संतरा पैकरा, दीपक गुप्ता, रवींद्र तिवारी, गणमान्य नागरिक, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू किया :मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिपः

# आईआईएम रायपुर के साथ साझेदारी, युवाओं को मिलेगा नीति निर्माण का अनुभव

मरुधर विशेष

**करन सोनी** कोरिया।छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप (CMGGF)Ó कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा।यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 'राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है।' सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे।




### पात्रता और चयन प्रक्रिया

आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के पास CAT 2022, 2023 या 2024 का वैध स्कोर होना अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया में समूह चर्चा (त्रष्ठ) और साक्षात्कार भी शामिल हैं।

यह फेलोशिप उन युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है जो शासन, नीति और सामाजिक विकास के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। आवेदन संबंधी अधिक जानकारी आईआईएम रायपुर की आधिकारिक https://iimraipur.ac.in/mba-ppg/ वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# देश विरोधी पोस्ट से देश की सामाजिक सौहाद्र बिगड़ने की संभावना पर भाजपा ने किया पूर्व संसदीय सचिव यूडी मिंज पर अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही का मांग,कुनकुरी थाना में सौंपा ज्ञापन

मरुधर विशेष

**करन सोनी** जशपुर। पूर्व संसदीय सचिव यूडी मिंज के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी लामबंद हो कानूनी कार्यवाही की मांग की है,इस संबंध में बकायदा थाना प्रभारी कुनकुरी को ज्ञापन सौंप यूडी मिंज पर अपराध पंजीबद्ध कर उचित कार्यवाही किए जाने मांग किया गया है। विदित हो कि राजकुमार गुप्ता मण्डल अध्यक्ष (कुनकुरी शहर) भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुनकुरी थाना में ज्ञापन सौंपा है।इनके द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार वर्तमान में हमारे देश में आतंकवादी गतिविधियां हो रही है तथा हिन्दूओं को निशाना बनाकर उनकी हत्या की जा रही है, ऐसे समय में जब पूरा देश एकजुट है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेता यूडी मिंज के द्वारा सोशल मिडीया में किया जा रहा पोस्ट



देश की एकता और अखण्डता के लिये खतरा बना हुआ है। यू.डी. मिंज द्वारा किये जा रहे देश विरोधी पोस्ट की वजह से निश्चित रूप से देश की सामाजिक सौहाद्र बिगड़ने की संभावना है। यूडी मिंज द्वारा अपने राजनैतिक स्वार्थ की पूर्ति करने के लिये देश की आंतरिक तथा बाड्य सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगाया है, जिससे हमारे देश की छवि धुमिल हुयी है। अतः यु.डी. मिंज पर देशद्रोह तथा सोशल मिडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने के लिये आई.टी. एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर उचित कार्यवाही की मांग भाजपा के द्वारा किया गया है।

### किया गया बस स्टैंड में पुतला दहन

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक और कांग्रेसी नेता यूडी मिंज के विवादित पोस्ट से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुनकुरी के बस स्टैंड में यूडी मिंज का पुतला दहन कर उसके विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया।

# नहरों और जलाशयों की सफाई व मरम्मत कार्य प्रारंभ, किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा





मरुधर विशेष


**करन सोनी सूरजपुर ।** जिले में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल संसाधन विभाग ने नहरों और जलाशयों के स्लज (गाद) की सफाई और मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। रामानुजनगर ब्लॉक के सेंदुरी, बद्रिकाश्रम और सोनपुर जलाशय तथा सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय में यह कार्य तेजी से चल रहा है। सेंदुरी जलाशय की रूपांकित क्षमता 117 हेक्टेयर है, किंतु नहरों की जर्जर स्थिति के कारण अब तक मात्र 55 हेक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई हो पा रही थी। साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पूरे 117 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार, बद्रिकाश्रम जलाशय जिसकी क्षमता 160 हेक्टेयर है, वहां अब तक केवल 40 हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही थी। सोनपुर जलाशय में 133 हेक्टेयर के विरुद्ध मात्र 60 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी, जो अब पूरी क्षमता तक पहुंचाई जाएगी।

कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु पूर्व जिले के सभी जलाशयों और नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय के नहर का मरम्मत कार्य भी प्रारंभ हो चुका है।

इन सुधार कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 500 कृषक परिवारों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। प्रशासन का यह प्रयास जिले में कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# (पीपीटी प्रवेश परीक्षा) प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट 01 मई 2025 को

परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी




मरुधर विशेष, करन सोनी

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 01 मई 2025 दिन गुरूवार को प्री-पॉलीटेक्निक (PPT2025) प्रवेश परीक्षा प्रातः 09:00 से 12:15 बजे तक जिले के 02 परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ तथा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होना नियत है। अतएवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सकें एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिवस पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भॉती परिचित हो जाये। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई.डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एवं अन्य डिवाईस ले जाना वर्जित है।

आखिर कब तक फर्जी तरीके से जमीन एक दूसरे के नाम पर दर्ज रहेगीज्कब राजस्व विभाग सुधरेगा

# क्या जमीन मालिकों को प्रतिदिन ऑनलाइन चेक करना पड़ेगा की जमीन, उनके नाम है या नहीं, नहीं तो कभी भी किसी के नाम होने की आशंका बनी रहेगी

## सरपंच, सचिव एवं पटवारी ने मिलीभगत कर फर्जी ग्रामसभा आयोजित कर जीवित व्यक्ति के जमीन का किया फौती नामांतरण शिकायतकर्ता

## नामांतरण में भू-स्वामी की नहीं ली गई सहमति, मामला अब संभाग आयुक्त के न्यायालय में

मरुधर विशेष,

**करन सोनी** एमसीबी।भू-स्वामियों के लिए स्थिति बत से बतर होती जा रही है क्योंकि राजस्व विभाग की कार्य प्रणाली लोगों के मन में हमेशा ही भय बना कर रखती है, स्थिति यह है कि भू-स्वामी को प्रतिदिन अपना जमीन ऑनलाइन में चेक करते रहना चाहिए नहीं तो कब उनकी जमीन किसके नाम हो जाएगी यह पता भी नहीं चलेगा, ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ऐसे ही मामले कई बार देखने को मिले हैं, एक मामला अभी सामने आया है जिसमें सरपंच

सचिव पटवारी की मिली भगत से ग्रामसभा में फर्जी तरीके से जीवित व्यक्ति की जमीन का फौती, नामांतरण कर दिया गया, जिसकी शिकायत पुलिस सहित राजस्व विभाग को किया गया है, मामला एमसीबी जिले के ग्राम




पंचायत हर्रा नागपुर का है, जहां वर्ष 2017 में तत्कालीन सरपंच श्यामा बाई, सचिव निरंजन कश्यप एवं पटवारी वीरसाय ने बिना भूस्वामी की सहमति के ग्रामसभा आयोजित की और जमीन के स्वामित्व में परिवार के तीन अन्य लोगों के नाम जोड़ने का प्रस्ताव पारित कर दिया। ये इतने पर ही नहीं रुके, बल्कि इन्होंने वर्ष 2021 में भूस्वामी के जीवित रहते हुए पटवारी द्वारा तैयार पंजी प्रस्ताव के आधार पर फौती नामांतरण भी कर दिया। पूरा मामला अब सरगुजा संभाग के आयुक्त के न्यायालय में लंबित है।

### मामले की जानकारी देते हुए भूस्वामी

स्व. लक्ष्मी नारायण के पुत्र अजीत नारायण ने बताया कि वर्ष 1971 में उनके नाना ने उनके पिता लक्ष्मीरायण के नाम से ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर में खसरा नंबर-82, रकबा 0.134 हेक्टेयर, खसरा नंबर-163, रकबा 0.1740, हेक्टेयर, खसरा नंबर 178, रकबा 0.3240, हेक्टेयर जमीन खरीदी। लेकिन उस समय उसके पिता नाबालिग थे, इसलिए केयरटेकर के तौर पर उनकी माता गुलाबी देवी का नाम दर्ज कराया। अजीत नारायण ने आगे बताया कि उनके चाचा सत्यनारायण, वीर नारायण और दीप नारायण ने वर्ष 2017 में ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर की सरपंच श्यामा बाई, सचिव निरंजन कश्यप और पटवारी वीर साय से मिलीभगत कर फर्जी ग्राम सभा आयोजित कर जमीन को उनकी दादी गुलाबी देवी का

बताते हुए अपना नाम जुड़वाने का प्रस्ताव पास करा लिया। जबकि इस प्रस्ताव में उनके पिता के न तो हस्ताक्षर है और न ही उनकी कोई सहमति ली गई। इसके साथ ही उन्होंने उनके पिता के जीवित रहते फावती नामांतरणा भी करा लिया। अजीत नारायण ने सवाल उठते हुए कहा है कि यदि उपरोक्त जमीन उनकी दादी गुलाबी देवी की थी, तो फिर इसमें उनकी बुआ शाति, मालती और काति का नाम क्यों जोड़ा नहीं गया? बरहहाल अब पूरा मामला सरगुजा संभाग के आयुक्त के न्यायालय में है, जहां से अजीत नारायण को न्याय मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही अजीत नारायण ने पूरे मामले में ग्राम पंचायत हर्रा नागपुर के तत्कालीन सरपंच श्यामा बाई, सचिव निरंजन कश्यप एवं पटवारी वीर साय की भूमिका की जांच कर उन्हें दंडित करने की मांग भी की है।

# खेड़ली रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की हुई मौत

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी

**खेड़ली ।** कस्बे के रेलवे समूची फाटक के पास 70 वर्षीय वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार कस्बे के समूची फाटक के पास 70 वर्षीय एक वृद्ध की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा और मामले की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को देकर मृतक की शिनाख्त कल्याण सहाय पुत्र मूलचंद शर्मा निवासी मक्खन के नगला के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां से खेड़ली पुलिस द्वारा शव का कस्बे के उप जिला अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# विप्र जाति नही संस्कार है अभयदास महाराज

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** प्रतापगढ़: विप्र फाउंडेशन द्वारा श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह के दौरान दीपदान गौ सेवा परिंडा लगाने के कार्यों के साथ वैदिक गुरू कुल में संत सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जहां तखतगढ़, मारवाड़ के युवाचार्य अभयदास महाराज मंदसौर के संत मणि महैश चैतन्य महाराज श्रीराम परिवार वाराणसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पणा नागदा केशवराय् जी के श्रीहरि शास्त्री के साथ राजस्थान विधानसभा के संचेतक जोगेश्वर गर्ग सनानधर्म उत्सव के समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश ओझा आई. एफ- एस. हरि किशन सारस्वत आदि ने दीप प्रज्ज्वलन किया घ इस के बाद युवाचार्य अभय महाराज ने कहा- विप्र कोई जाति नहीं संस्कार है संस्कारों से प्रारंभ कर इस यात्रा मे त्रिकाल संध्या यज्ञ ध्यान योग से आप ब्रह्म को प्राप्त कर सकते हैं। इसीलिए कहा - "ब्रह्म जानाति इति ब्रा?ह्मण" और अधर्म नाश और सभी प्राणियों में सद्?भावना और कल्याण की कामना ब्राह्मण करता है।इसलिए धर्म और कर्म तप और देशहित के कार्य धर्म रक्षा के लिए शस्त्र उठा कर बलिदान देने में ब्राह्मण भी अग्रणी रहता है और आगे भी रहेगा / देश की रक्षा के लिए आगे आए। मणि महेश चैतन्य महाराज ने कहा- जब हम धर्म की रक्षा में प्रवृत्त होते हैं, तो धर्म ही हमारी रक्षा करेगा। राम परिवार वाराणसी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पणा नागदा दीदी ने कहा- सभी सनातन धर्म के बन्धुओं-आप अपनी बेटियों को विद्या अध्ययन के साथ शास्त्र ज्ञान तो दें ही साथ ही शस्त्र ज्ञान भी देवें । बेटियों को शास्त्र का ज्ञान होगा तो जिहाद में नहीं फंसेगी। शस्त्र का ज्ञान होगा तो अपनी अपने परिवार और मातृभूमि की रक्षा करने में भी सफल होगी। श्रीहरि शास्त्री ने वेदमंत्र का पाठ आरंभ कर वैदिक ज्ञान को सबके लिए अनिवार्य बताया घ ओमप्रकाश ओझा ने कहा-हमें विद्या अध्ययन के साथ नई पीडी को संस्कार देने और विप्र फाउंडेशन के प्रकल्पो सेवा कार्यों की सराहना की। हरिकिशन सारस्वत ने युवा पीढ़ी को भविष्य निर्माण के लिए संस्कार पहली सीडी है। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग सचेतक विधानसभा जयपुर ने कहा- मेरे पिताश्री ने मुझे वैदिक, ग्रंथों का अध्ययन करवाया, साथ ही बाल्यकाल में ही संघ की शाखा में स्वयं देश की सेवा को सीख दी, जिससे हम देश- सेवा कर रहे हैं।

# आदिवासी भूमि संरक्षण हेतु कलेक्टर ने जारी किए कड़े निर्देश, पावर ऑफ अटॉर्नी के मामलों में होगी जांच

## आदिवासियों की भूमि पर पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग को रोकने कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को सख्त निर्देश

## जिला कोर्ट के तर्ज पर एसडीएम एवं तहसील कोर्ट में भी होगी ऑनलाइन सुनवाई

मरुधर विशेष

**करन सोनी अंबिकापुर।** सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है, आदिवासी भूमि के अधिकारों की रक्षा को लेकर कलेक्टर विलास भोसकर ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत आदिवासियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग को रोकने हेतु सख्त निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि आदिवासियों की भूमि पर खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा, लीज आदि के मामलों में मूल आदिवासी के नाम पर भूमि की पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवा ली जाती है। इसके आधार पर अन्य व्यक्ति भूमि का सौदा, रजिस्ट्री, नामांतरण और अन्य राजस्व कार्य करवा लेते हैं, जिससे आदिवासी भूमिहीन हो जाते हैं और उनके



अधिकारों का हनन होता है।

### कलेक्टर भोसकर ने जारी किए विशेष निर्देश

मूल भू-स्वामी की उपस्थिति यदि किसी न्यायालय में पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर आदिवासी भूमि के हस्तांतरण का प्रकरण आता है, तो उस मामले में मूल भू-स्वामी को न्यायालय में उपस्थित कर पावर ऑफ अटॉर्नी देने के कारणों की जांच की जाएगी। वृद्ध या असमर्थ व्यक्तियों के मामले यदि आदिवासी भू-स्वामी वृद्ध, बीमार या अन्य कारणों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता, तो तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मिलकर उस ग्रामीण के घर जाकर उसका बयान दर्ज करेंगे। इस कार्यवाही का वीडियो और फोटो भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि मामले में निराकरण किया जा सके। न्यायालयों का ऑनलाइन प्रबंधनः जिले के समस्त न्यायालयों को ऑनलाइन किया जाएगा। उपरोक्त प्रकरणों में की गई कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाएगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने कहा कि आदिवासियों के भूमि अधिकारों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के शोषण और अनाधिकृत भूमि हस्तांतरण को रोकने के लिए यह निर्देश अनिवार्य रूप से पालन किए जाएंगे। कलेक्टर ने आदेश जारी कर अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। ताकि अनुसूचित जनजाति के हित को संरक्षण किया जा सके। बलरामपुर,,जिला कलेक्टर ने ऑफिसर क्लब एवं लाईवलीहुड कॉलेज का क्या निरीक्षण,,,,, बलरामपुर,,नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुनचुना में शांति पूर्वक चुनाव हुआ सम्पन्न। कुसमी,, शासन के आदेश की की जा रही है अवहेलना। कुसमी,,कुसमी अधिवक्ता संघ ने सरगुजा सासंद से कुसमी तहसील में व्यवहार न्यायालय का किया मांग । बलरामपुर,,सामरी सर्व यादव समाज के ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र यादव (बबलू) नें बीडीसी का चुनाव लड़ने का एलान किया।

# पहलगाम आतंकी हमले पर जताया रोष, सर्व हिन्दू समाज बैनर तले विभिन्न संगठनों व ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन,

मरुधर विशेष



**हीराराम सेजू पचपदरा ( बालोतरा )** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में जिस तरह आक्रोश का माहौल है। उसी तरह पचपदरा में भी लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। अल सुबह से ही श्रीराम मंदिर के आगे बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने धर्मसभा कर जुलूस के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर सर्व समाज के लोगों ने देश के राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल को ज्ञापन सौंपा और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं दोपहर 12 बजे तक घटना के विरोधस्वरूप पचपदरा- मंडापुरा के सभी दुकानदारों ने दुकानें बंद रखी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सोमवार को जिस तरह से वहां घूमने गए पर्यटकों को धर्म पूछ कर गोलियां मारी और हमले में 28 लोगों की मौत हो गई। घटना की निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रचार प्रांत सह मंत्री बबलू शर्मा ने कहा कि धर्म के नाम पर की गई यह कायरना हरकत किसी भी तरह बर्दाश्त के योग्य नहीं है। इस तरह की हरकतों का उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार कमलेश खारवाल खारवाल समाज अध्यक्ष,भंवरलाल राव सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किए। विरोध प्रदर्शन के दौरान आतंकियों की पनाहगाह पाकिस्तान के खिलाफ भी एक्शन लेने की मांग करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज को जलाया गया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में पचपदरा में सर्व हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आए निर्दोष हिन्दू यात्रियों की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हृदय विदारक घटना केवल हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था एवं राष्ट्रीय एकता-अखंडता पर भी सीधा आघात है। यह आतंकी हमला केवल कुछ निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता, अखंडता, सम्प्रभुता और अस्मिता पर प्रायोजित हिंसात्मक षड्यंत्र है, जिसे पाकिस्तान सरकार एवं उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन प्राप्त है। हिन्द तीर्थयात्रियों को बार-बार लक्ष्य बनाना इस्लामी जिहादी मानसिकता की विकृति और भारत विरोधी दुर्भावना का परिचायक है। सर्व हिन्दू समाज, इस जघन्य कृत्य की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हुए, महामहिम से निम्नलिखित मांगें करता है :- इस नरसंहार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) से समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए। आतंकियों एवं उनके स्थानीय सहयोगियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी जैसी कठोर सजा दी जाए। इस्लामी आतंकवाद को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कठोरतम संदेश दिया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर सैन्य कार्रवाई की जाए। सभी मृतकों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, राजकीय सम्मान, और त्वरित न्याय दिलाया जाए जम्मू-कश्मीर के समस्त पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों पर स्थायी व मजबूत सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आज समय की पुकार है कि भारत यह स्पष्ट करे कि वह अपनी संस्कृति, नागरिकों और आस्था पर कोई भी हमला सहन नहीं करेगा। आप इस गंभीर विषय पर यथोचित संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित करेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह मांगीलाल संत,विश्व हिंदू परिषद प्रखंड संयोजक घनश्याम खारवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज सिसोदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डूंगर देवासी,भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश चोपड़ा, सरपंच प्रतिनिधि विनित सिंह राठौड़, खारवाल समाज अध्यक्ष कमलेश कुमार खारवाल, अमित सिंह राठौड़, अमित राठौड़,रामबाबू अरोड़ा, वार्डपंच नवरतन सोनी व जगदीश माली, नरेश खारवाल, मनोज पी सोनी, गोपाराम प्रजापत, दुर्गाराम राव,नारायणलाल खारवाल, हनुमान सिंह खारवाल, धन पूरी, दिलीप राजावत, पंकज खारवाल, मुकेश सैन,कांतिलाल माली, पप्पू भाई विश्नोई,सोनू कोठारी,रामनाथ, नरेश खारवाल, ढलाराम बी. सेजू, महेश माली, कमलेश प्रजापत, दिपक अर्जिनिवेश, मुलाराम मेघवाल,हर्ष राव, पुनम घांची, संपत खारवाल,अशोक घांची,देवेन्द्र, महेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सूरजपुर में अवैध प्रवासियों का बड़ी चेकिंग अभियान, 500 व्यक्ति किए गए चेक, नहीं मिले अवैध प्रवासी

मरुधर विशेष, करन सोनी

**सूरजपुर।** जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने जांच का वृहद अभियान चलाया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर पिछले एक सप्ताह से जिले के थाना-चौकी की कई पुलिस



टीमों के द्वारा क्षेत्र में अवैध प्रवासियों की सघन जांच करने में लगी हुई है। अवैध प्रवासियों की चेकिंग अभियान के लिए डीएसपी अनूप एक्का को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो अभियान के दौरान पुलिस टीम के साथ खुद भी सक्रियता से चेकिंग करते नजर आते है। इस अभियान में अभी तक 500 से अधिक लोगों की जांच पड़ताल की गई है। विश्रामपुर थाना क्षेत्र में ग्राम शिवनंदनपुर, फोकटपारा, रेलवे स्टेशन के पीछे दिगर प्रदेश से आकर रहने वाले लोगों का आधार कार्ड, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान आईडी देखा गया और उसकी तस्दीक कराई जा रही है। थाना सूरजपुर, भटगांव, जयनगर, प्रतापपुर, झिलमिली, चौकी बसदेई सहित सभी थाना-चौकी क्षेत्र में सूक्ष्मता से अवैध प्रवासी की चेकिंग पुलिस टीमों के द्वारा लगातार की जा रही है। डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यह अभियान जिले में विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बाहरी तत्वों पर नजर रखने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। आमजन से अपील की है कि अपने क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके और संबंधित की बारीकी से चेकिंग की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखें।

# प्रतापसिंहपुरा गांव में भामाशाह महिपाल ने आमजन के लिए लगाया वाटर कूलर



मरुधर विशेष

**नीमराना(सुनील मेघवाल)** नीमराना नगर पालिका क्षेत्र के प्रतापसिंहपुरा गांव में भामाशाह महिपाल पुत्र तोताराम के द्वारा सोमवार आमजन की सेवार्थ के लिए वाटर कूलर लगाया गया ।वाटर कूलर का उद्घाटन युवा समाजसेवी अंकित यादव फौलादपुरिया के द्वारा किया गया। अंकित यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे भामाशाहों को समाज हित के कार्यों में आगे आना चाहिए जिससे समाज का भला हो सकता है। इस अवसर पर सोनू सरपंच,विकास, मनदीप गुर्जर, महेश, सतपाल,अमित,तेजपाल, सरजीत यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्री नारायणी सेना के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन व राधा सैन समाज रत्न से सम्मानित

मरुधर विशेष



**कोटपूतली,** श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान रजिस्टर्ड समिति के तत्वाधान में श्री सैन मंदिर पूतली में सैन जयंती महोत्सव पर समाज के प्रबुद्धजनों ने सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अपनी महत्ती भूमिका निभाने वाले कर्मठ कार्यकर्ता श्री नारायणी सेना के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन एवं कनिष्ठ सहायक राधा सैन को समाज रत्न से सम्मानित किया। अध्यापक संजीव सैन ने कहा की समिति के उपप्रधान संजय सैन सैन जयंती महोत्सव पर कई वर्षो से निःस्वार्थ भाव से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है। संजय सैन सनातनी धर्म के लिए होने वाले हर कार्य में अपनी अहम भूमिका निभाते है। प्रहलाद सैन ने कहा की ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनके द्वारा किए गए कार्य में निखार आता है। ओमप्रकाश सैन व राधा सैन समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहते हुये सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भी सदैव विशेष रूचि रखते है। इस मौके पर इनका माल्यार्पण व राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सैन महाराज की तस्वीर भेंटकर समाज रत्न अवॉर्ड से सम्मानित व अभिनंदन किया गया। इनकी सेवा कार्य व व्यवहार शैली की प्रशंसा कर शुभकामनायें दी। श्री नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत ने कहा कि समाज में अधिकारों और कर्तव्यों का संतुलन जरूरी है, समाज उन्ही व्यक्तियों को याद करते है जो समाज व राष्ट्र के लिए कार्य करते है। सैन समाज में मृत्यु भोज बंद कर नशा मुक्त समाज बनाने का प्रयास हम सबको करना है। इस दौरान श्री नारायणी सेना उपाध्यक्ष पुष्पा सैन, कैलाश चंद सैन, प्रधान वेदप्रकाश सैन, सैन जयंती प्रधान नानक चंद सैन, बारबर यूनियन प्रधान राधेश्याम सैन, परगना प्रधान रामकिशन कांसली, विक्रम सैन, भीम सैन पवाना, वित्तीय सलाहकार बनवारी लाल सैन, हव. लालचंद सुलोदिया, जीताराम सैन समेत अन्य मौजूद रहे।

# फूड पॉयज़निंग से दो गायों की मौत, एक बेल की बची जानः श्री आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति ने दिलाई मदद

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा पाटी (कुशलगढ़)।** कुशलगढ़ क्षेत्र के पाटी गांव में दो गायों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि एक अन्य गाय बीमार पाई गई। प्रारंभिक जांच में फूड पॉयज़निंग को इसका संभावित कारण माना जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता और दुःख का माहौल है।जानकारी मिलने पर श्री आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति कुशलगढ़ ने तत्परता दिखाते हुए पशु चिकित्सा विभाग कुशलगढ़ और हेल्पलाइन 1962 पर संपर्क कर सहायता मांगी। विभाग की ओर से तीन पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुँची और बीमार गाय और बेल का उपचार किया।जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। मृत गायों के मालिक कमला पुना डामोर और बापुरा मानसिंह गरासिया हैं, जबकि बीमार हुई बैल दिल्लू मानसिंह गरासिया की बताई जा रही है। गांव वासियों का कहना है कि गांव के पास स्थित डंपिंग यार्ड में रोज़ाना फेंका जाने वाला बासी खाना और कचरा खाने के कारण ही ये गायें बीमार हुई हैं। हालांकि यह केवल आशंका के आधार पर कहा जा रहा है, इसकी पुष्टि पशु चिकित्सकों द्वारा की जा रही है।आदित्य गौ रक्षा सेवा समिति और ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाए और पशुओं की देखभाल व सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ।

# मौसमी बीमारियों व हीटवेव को लेकर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त :- डॉ. गुर्जर

## बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने एन्टीलार्वा सर्वे एवं मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

मरुधर विशेष

**कोटपूतली(सीताराम गुप्ता)** बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर ने सोमवार को एन्टीलार्वा सर्वे एवं मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा कर स्वास्थ्यकर्मियों व फील्ड स्टॉफ को आवश्यक निर्देश दिये देते हुये कहा कि मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बीसीएमओ ने सोमवार को ब्लॉक कोटपूतली की सभी चिकित्सा संस्थानों की मौसमी बीमारियों व हीटवेव की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने एन्टीलार्वा सर्वे की मॉनीटरिंग हेतु टीमें बनाकर फील्ड में भेजी है, जो फिल्ड स्टॉफ द्वारा किये गये एन्टीलार्वा सर्वे की डोर टु डोर जाकर क्रॉसिंग चेकिंग करेगी। वहीं टीमों द्वारा शहरी क्षेत्र में विशेष नजर रखी जायेगी, कही भी कोई लापरवाही एवं कमी मिलने पर कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया जायेगा। सोमवार को बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर द्वारा वर्चुअल मॉनीटरिंग करने पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भालोजी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली पर कुछ स्टॉफ अनुपस्थित मिला। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। बीसीएमओ ने कहा कि मौसमी बीमारियों व हीटवेव के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।



# खेरली में भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर "सम्मान सभा" का किया आयोजन





मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी कठूमर।** भाजपा द्वारा खेरली में सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी का "सम्मान सभा" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और अतिथि सम्मान से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा रहे। इस अवसर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के अंतर्गत ही अंबेडकर जी को पूरा सम्मान मिला है उनके जन्म स्थान से समाधि तक उनके विशेष स्थानों को स्मारक स्थल के रूप में तैयार किया गया है। कांग्रेस पार्टी ने उनके नाम को सिर्फ वोट बैंक के लिए ही प्रयोग में लिया है भारतीय जनता पार्टी ही एक पार्टी है, जो अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलती है। इस दौरान विधायक रमेश खींची, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, देशराज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सीताराम व जिला कार्यक्रम संयोजक अशोक वर्मा, कठूमर नगर पालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा आदि वक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शीलेंद्र चौहान मण्डल अध्यक्ष खेरली, चंद्रप्रकाश चौधरी कठूमर, मुकेश शर्मा भनोखर, सियाराम पटेल खुड़ियाना, विक्रम शर्मा खोह, सुनील गोयल, राजेश लोहिया, रघुवीर चौहान, राम स्वरूप यादव, गोपेश भारद्वाज, मुरारी नाटोज, महेश पाराशर, पंकज कटारा, लोकेंद्र प्रजापत, नरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, मुकेश लवानिया, दीपक सैनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं : रतनलाल भार्गव

**छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर बटोरी तालियां, प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान**

**एंजल अकैडमी विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव**

मरुधर विशेष

**विजय सिंह/मोहम्मद शकील खैरथल ।** शहर के हनुमान पहाड़ी रोड़ पर स्थित एंजल अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल ने शहर के इस्माइलपुर सड़क मार्ग पर स्थित ग्रीनलैंड होटल में वार्षिक उत्सव "पहल 2025" धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया और जमकर तालियां बटोरी। ग्रीनलैंड होटल में बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश कर अतिथियों एवं अभिभावकों के लिए

**यादगार शाम बना दी।**

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति आडतानी ने बताया कि वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संत हरिइंद्र प्रेम प्रकाश,एडिशनल एसपी रतनलाल भार्गव खैरथल, सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट, अर्जुन हॉस्पिटल खैरथल की डॉक्टर बबीता, निजी स्कूल खैरथल अध्यक्ष सुनील यादव सहित खैरथल भाजपा



मण्डल अध्यक्ष मनीष शर्मा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चे एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति पेश कर कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों एवं अतिथियों से जमकर तालियां बजवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। उन्होंने विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ज्योति आडतानी साहित स्कूल परिवार की हौसला अफजाई करते हुए सफल कार्यक्रम की शुभकामना दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अरविंद गेट खैरथल-तिजारा और अर्जुन हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.बबीता द्वारा प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों,अभिभावकों एवं अतिथियों ने जमकर तालियां बजाई और प्रतिभावान विद्यार्थियों की खूब तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने बच्चों के साथ खूबसूरत सेल्फी बूथ पर यादगार तस्वीरें खिंचवाई और स्वादिष्ट रात्रि भोजन का जमकर आनंद लिया ।कार्यक्रम के दौरान मयंक साहित स्कूल परिवार ने व्यवस्थाएं बनाए रखीं।

# ग्राम नांगड़ीवास की वासुदेव डेयरी द्वारा शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को नहीं किया जा रहा था दुध सप्लाई

## जाँच दल ने वैरीफिकेशन के बाद लोटस डेयरी को दूध सप्लाई किये जाने का किया खंडन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली (सीताराम गुप्ता)** निकटवर्ती ग्राम नागड़ीवास में वासुदेव डेयरी पर मिलावटी दुध बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारीयों की टीम अपने जाँच दल के साथ विगत 24 अप्रैल को मौके पर पहुंची एवं निरीक्षण के दौरान लगभग एक हजार लीटर मिलावटी दुध मिला था पूछताछ करने पर वासुदेव डेयरी के मालिक अनिल गुर्जर उर्फ कृष्ण गुर्जर पुत्र कैलाश गुर्जर ने यह दुध की सप्लाई को शाहपुरा स्थित लोटस डेयरी को होना बताया था। जाँच दल द्वारा लोटस डेयरी का वैरीफिकेशन करने के पश्चात् यह पाया कि वासुदेव डेयरी का सैन्टर माह दिसम्बर 2024 से लोटस डेयरी ने मिलावट की आशंका होने पर बंद कर दिया था। जिसकी सूचना कार्यालय में उपस्थित होकर लोटस डेयरी प्रतिनिधि द्वारा प्रार्थना-पत्र देकर विभाग को दी गई है। यह अग्रिम जाँच का विषय है कि उक्त डेयरी का दूध अनिल गुर्जर उर्फ कृष्ण गुर्जर द्वारा किस डेयरी को सप्लाई किया जाता था। इस आधार पर विभाग मीडिया में प्रसारित लोटस डेयरी को दूध सप्लाई किये जाने का प्रथम दृष्टया खंडन करता है।

# एबीवीपी नगर ईकाई द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए नगर में परिंडे बांधे गए



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** आज "विकासार्थ विद्यार्थी" के अंतर्गत चलाएं जा रहे"परिंडा अभियान" के अंतर्गत अभाविप बांसवाड़ा के कुशलगढ़ नगर ईकाई द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए नगर में परिंडे बांधे गए इस असवर पर जिला संयोजक कांतिलाल गरासिया ने बताया कि अभाविप प्रतिवर्ष परिंडा अभियान के निमित्त देश भर में परिंडे बांधने का कार्य करती है एबीवीपी छात्र हितों, सामाजिक दृष्टिकोण के साथ साथ पर्यावरण मे रहने वाले जीवों के संरक्षण और संवर्द्धन का कार्य भी राष्ट्र सेवा की भावना के साथ निरंतर देश के युवाओं को प्रेरणा देती रही है, हमें मानव प्रजाति के साथ साथ पर्यावरण के घटकों के बारे में भी चिंता करनी जरूरी होती है तभी प्रकृति मानवता को आगे बढ़ने एवं पर्यावरण संतुलन में मददगार साबित होती है। इस अवसर पर तहसील संयोजक राकेश डामोर सह संयोजक कालूराम भाभोर नगर मंत्री दीपक डिंडोर सोशल मीडिया प्रमुख नरेश भाभोर पूंजीलाल निनामा चतरसिंह डिंडोर मुकेश मईडा राकेश भाभोर प्रेस भाभोर भरत गरासिया ईश्वर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।।


# पहलगाम आतंकी हमले पर जताया रोष, सर्व हिन्दू समाज बैनर तले विभिन्न संगठनों व ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन,

मरुधर विशेष

**हीराराम सेजू पचपदरा ( बालोतरा )** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में जिस तरह आक्रोश का माहौल है। उसी तरह पचपदरा में भी लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। अल सुबह से ही श्रीराम मंदिर के आगे बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने धर्मसभा कर जुलूस के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर सर्व समाज के लोगों ने देश के राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल को ज्ञापन सौंपा और आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। वहीं दोपहर 12 बजे तक घटना के विरोधस्वरूप पचपदरा- मंडापुरा के सभी दुकानदारों ने दुकानें बंद रखी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सोमवार को जिस तरह से वहां घूमने गए पर्यटकों को धर्म पूछ कर गोलियां मारी और हमले में 28 लोगों की मौत हो गई। घटना की निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रचार प्रांत सह मंत्री बबलू शर्मा ने कहा कि धर्म के नाम पर की गई यह कायरना हरकत किसी भी तरह बर्दाश्त के योग्य नहीं है। इस तरह की हरकतों का उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जाना आवश्यक है। इसी प्रकार कमलेश खारवाल खारवाल समाज अध्यक्ष,भंवरलाल राव सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किए। विरोध प्रदर्शन के दौरान आतंकियों की पनाहगाह पाकिस्तान के खिलाफ भी एक्शन लेने की मांग करते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज को जलाया गया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में पचपदरा में सर्व हिंदू समाज ने प्रदर्शन किया। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से आए निर्दोष हिन्दू यात्रियों की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हृदय विदारक घटना केवल हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था एवं राष्ट्रीय एकता-अखंडता पर भी सीधा आघात है। यह आतंकी हमला केवल कुछ निर्दोष नागरिकों पर नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति, एकता, अखंडता, सम्प्रभुता और अस्मिता पर प्रायोजित हिंसात्मक षड्यंत्र है, जिसे पाकिस्तान सरकार एवं उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन प्राप्त है। हिन्द तीर्थयात्रियों को बार-बार लक्ष्य बनाना इस्लामी जिहादी मानसिकता की विकृति और भारत विरोधी दुर्भावना का परिचायक है। सर्व हिन्दू समाज, इस जघन्य कृत्य की कठोरतम शब्दों में निंदा करते हुए, महामहिम से निम्नलिखित मांगें करता है :- इस नरसंहार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) से समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए। आतंकियों एवं उनके स्थानीय सहयोगियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी जैसी कठोर सजा दी जाए। इस्लामी आतंकवाद को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कठोरतम संदेश दिया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर सैन्य कार्रवाई की जाए। सभी मृतकों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, राजकीय सम्मान, और त्वरित न्याय दिलाया जाए जम्मू-कश्मीर के समस्त पर्यटन एवं तीर्थ स्थलों पर स्थायी व मजबूत सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आज समय की पुकार है कि भारत यह स्पष्ट करे कि वह अपनी संस्कृति, नागरिकों और आस्था पर कोई भी हमला सहन नहीं करेगा। आप इस गंभीर विषय पर यथोचित संज्ञान लेकर त्वरित और कठोर कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित करेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह मांगीलाल संत,विश्व हिंदू परिषद प्रखंड संयोजक घनश्याम खारवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष नीरज सिसोदिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डूंगर देवासी,भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश चोपड़ा, सरपंच प्रतिनिधि विनित सिंह राठौड़, खारवाल समाज अध्यक्ष कमलेश कुमार खारवाल, अमित सिंह राठौड़, अमित राठौड़,रामबाबू अरोड़ा, वार्डपंच नवरतन सोनी व जगदीश माली, नरेश खारवाल, मनोज पी सोनी, गोपाराम प्रजापत, दुर्गाराम राव,नारायणलाल खारवाल, हनुमान सिंह खारवाल, धन पूरी, दिलीप राजावत, पंकज खारवाल, मुकेश सैन,कांतिलाल माली, पप्पू भाई विश्नोई,सोनू कोठारी,रामनाथ, नरेश खारवाल, ढलाराम बी. सेजू, महेश माली, कमलेश प्रजापत, दिपक अर्जिनिवेश, मुलाराम मेघवाल,हर्ष राव, पुनम घांची, संपत खारवाल,अशोक घांची,देवेन्द्र, महेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।




# धर्म और अध्यात्म से ही समाज का कल्याण-अभयदास महाराज

मनुष्य का कल्याण भक्ति से...

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा प्रतापगढ़:** यहां नगर मे चल रहीं भागवत कथा मे सभी सनातन धर्म के बन्धुओं ने श्री कृष्ण भक्ति का पूरा आनंद लिया द्य आनंद के वातावरण के महाराज अभयदास महाराज ने धर्म और अध्यात्म से ही समाज का कल्याण बताया मुख्य यजनाम लद्?ढा और माहेश्वरी परिवार ने पौथी पूजा की।महाराज ने आज कथा में कहा मनु ऋषि की सन्तान मनुष्य के कल्याण प्रभू नाम से ही है।सप्त द्वीप सप्त खण्ड आर्य भूमि भारतवर्ष सप्तसागर अजनाभ खंड, के निर्माण की जानकारी देते हुए कहा-महाराज पृथू से पृथ्वी का नाम हुआ। पृथ्वी-लाखों वर्ष पुरानी है। सनातन धर्म सृष्टि के निर्माण के साथ जो प्राणियों में सदभावना की कामना सनातन धर्म में ही की जाती है द्य महाराज ने आज दक्ष प्रजापति के यज्ञ और का सती प्रसंग, की कथा सुनाई द्यगोपी गीत गाकर महाराज ने सभी भक्तों को हरिकीर्तन, नर्तन का आनन्द लिया। बाल लीलाओं, गोवर्द्धन पर्वत, इन्द्र का कोप आदि प्रसंग के बाद रुकमिणी विवाह का मंचन किया गया। जिसके लिए श्री कृष्ण की केशव राय मंदिर से प्रारंभ होकर बारात कथा स्थान तक आई। कथा में महाराज ने बेटियों को लवजिहाद में के जाल में नहीं फंसने की, बचने की सीख दी। कथा मैं अभय दास महाराज को "रूख बावजी "पुस्तक सम्पादक चन्द्र शेखर मेहता ने भेट की द्य जिसकी सराहना मंच पर महाराज ने की द्य साथ ही विप्र फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की कथा में आरती के बाद नगर के पत्रकारों को स्मृतिचिन्ह भेंट कर, ऊपरना ओढाकर सम्मानित किया गया



# राजकीय बालिका विद्यालय में एसडीएमसी की बैठक हुई

### बैठक में आगामी सत्र के प्रवेश उत्सव और नवनिर्मित विद्यालय भवन के उद्घाटन पर हुई चर्चा



**मरुधर विशेष। दिनेश लेखी**

**कठूमर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कठूमर में एसडीएमसी की बैठक का आयोजित हुई। प्रधानाचार्या बीना मीणा ने बताया कि बैठक में आगामी सत्र के प्रवेश उत्सव और नवनिर्मित विद्यालय भवन के उद्घाटन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश जैन की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में उन्हें भाव भीनी विदाई देते हुए वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की प्रशंसा की और उनके व्यवहार और उनके कुशल नेतृत्व की प्रशंसा हुई, साथ ही सेवानिवृत्ति पश्चात समाज सेवा में अपने अनुभव और योगदान को इसी प्रकार बनाए रखेंगे बात कही। साथ में कार्यालय के मनोज बाबू को पदोन्नति मिलने पर उनका भी अभिनंदन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या विराज चौहान, नगर पालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा, घुग्गल राम जाटव, राकेश कूलवाल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। तथा मंच संचालन भूमिदत्त शर्मा ने किया।

# नीमराना में मोहलडिया गांव के पास हाईवे की सर्विस लाइन पर अज्ञात हुआ पड़ा मिला

### पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया



**मरुधर विशेष**

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना नगर पालिका क्षेत्र के गांव मोहलडिया के पास पर हाईवे की सर्विस लाइन पर सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर हेड कांस्टेबल धर्मपाल मय जाप्ता के पहुंचे। पुलिस ने शव को उठवाकर नीमराना सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है की अज्ञात व्यक्ति का शव दोपहर में कोई डालकर गया या कोई दुर्घटना का शिकार हुआ। मृतक व्यक्ति के शरीर पर शर्ट एवं अंडरवियर पहना हुआ है ।मृतक व्यक्ति के पास कोई किसी तरह के पहचान का कागज नहीं मिला पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने में लगी हुई है। हालांकि किसी के द्वारा अभी तक मृतक व्यक्ति की कोई पहचान नहीं की गई है। मृतक व्यक्ति के बारे में जानकारी होने पर परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# डॉ भीम राव अम्बेडकर विकास समिति कायसा की सामूहिक बैठक आयोजित

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर हुई चर्चा

**मरुधर विशेष**

**नीमराना( सुनील मेघवाल)** ग्राम पंचायत कायसा में बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए सभी समाज की एक सामूहिक सभा रविवार को बुलाई गई जिसमे ये तय किया गया की गांव में अम्बेडकर मोहल्ले में अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित की जाए। इस सभा में भूपसिंह सरपंच कायसा, सूबेसिंह पूर्व सरपंच,लालाराम लंबरदार,रामकुमार पंच, कवंर सिंह साहब, लक्ष्मी नारायण प्रधानाचार्य, रामकुमार मास्टर ,दयाराम पंच, कमल पंच, आनंद यादव, राकेश यादव, घडशीराम थानेदार, रामस्वरूप हवलदार,सुरेश मास्टर,रतनलाल हवलदार, उदय सिंह , मामन सिंह,कैलाश वाल्मीकि,धर्मेन्द्र वाल्मीकि,सचिन मोर्या, धर्मवीर वाल्मीकि,प्रदीप कुमार, और नवयुवक मंडल अम्बेडकर विकास समिति कायसा के सदस्य व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।




# सीएलजी सदस्यों की मीटिंग रखी गई



**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** आज दिनांक 28 अप्रैल को कुशलगढ़ एसडीएम डॉ.मनोज खेमादा की अध्यक्षता में ओर रूपसिंह चारण सीआई थाना प्रभारी द्वारा कुशलगढ़ थाना परिसर में अक्षय तृतीया पर होने वाले बालविवाह की रोक थाम व आम जन में जागरूकता पैदा करने व इसकी कानूनी प्रावधानों से अवगत कराने और पहलगांव में हुए आतंकी हमलों के मध्य नजर कानून व्यवस्था के संबंध में आज थाना कुशलगढ़ आमजन सीएलजी सदस्यों की मीटिंग रखी गई। इस दौरान उद्योगपति मुकेश अग्रवाल कौशर समिति पूर्व नपा पार्षद,धरोहर हलह सेवा संस्थान से लीना ठाकुर कमलेश खड़िया संजय पिठाया एसआई नपा बादर मईडा चरकनी हिम्मतसिंह राणावत मनोज पटेल जमादार विजय दलिया अमित सिंह चौहान वहीद खान पाटी विजय प्रजापत हिमांशु निगम वार्जी रावत कुशल राव जगमाल पत्रकार अरुण जोशी,राजू पिठाया,पुलिस कांस्टेबल मनोज पाटीदार सहित कई सीएलजी सदस्यों ओर पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# पेयजल, बिजली, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के प्रति सजगता से कार्य करें अधिकारी, आमजन को नहीं हो कोई परेशानी- जिला कलक्टर

### आमजन के फोन उठाए एवं त्वरित समस्या का समाधान करें, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें, परिंडे लगाएं, आमजन के बीच फील्ड में जाकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करें

**मरुधर विशेष**

**कोटपूतली-बहरोड़(सीताराम गुप्ता)** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं, बजट घोषणाओं तथा विभागीय गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम, ग्रीष्मकालीन आकस्मिकता कार्य, विद्युत आपूर्ति, पोषण ट्रैकर, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सेवा तथा पेयजल वितरण व्यवस्था आदि की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए नियमानुसार धरातलीय क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन को शीघ्र लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। आने वाला समय पेयजल, विद्युत और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से संवेदनशील है, यह



सुनिश्चित किया जाए कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल एवं बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने पीएचईडी अधिकारी से कंटिंजेंसी प्लान, कलेक्टर इमरजेंट, टैंकर सप्लाई, बजट घोषणा के तहत ट्यूबवेल एवं हैंडपंप कमीशन्ड की वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर गर्मी के मद्देनजर गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य संपादित करने को कहा. उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यालयों में पक्षियों हेतु परिंडे लगाएं एवं आमजन को प्रेरित करते हुए भामाशाहों की सहायता से अधिकाधिक परिंडे लगवाएं. उन्होंने गर्मी को देखते हुए



मनरेगा कार्य स्थलों, समस्त राजकीय कार्यालयों, पीएचसी, सीएचसी, सब सेंटरों आदि में आमजन हेतु छाया, बैठने व पेयजल की उचित व्यवस्था करवाने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि एमएसपी केंद्र पर किसानों हेतु आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें. उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया हीट वेव एवं मौसमी बीमारियों के मद्देनजर पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करें एवं ओ आर एस पर्याप्तता में रखें, चिकित्सा केंद्रों पर मरीज की एंट्री व डिस्चार्ज संबंधी दस्तावेजीकरण अपडेट रखें. नगर परिषद अधिकारी को शहर में निगरानी प्रणाली के तहत नियमित सफाई व्यवस्था हेतु संबंधित को पाबंद करने, अधिकारियों को नियमित फील्ड निरीक्षण करने सहित आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अधिकारी रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई के माध्यम से फील्ड में आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने, आमजन के फोन उठाएं, संवेदनशीलता से समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें और नियमित रूप से कार्यालयों का निरीक्षण करें एवं विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर जायजा लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें.

उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा की वह समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ आमजन के हितार्थ कार्य करें, त्वरित समस्या का समाधान करें, एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करने के साथ साथ जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त जन समस्याओं के प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त राजकीय कार्यों का पत्राचार ई-फाइल के माध्यम से करने को कहा.

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालन की समीक्षा की एवं संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा सभी पोर्टल पर डेटा नियमित रूप से अद्यतन करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि समस्त घोषणाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयसीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में हरियालो राजस्थान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के बारे में चर्चा करते हुए नर्सरी में लक्ष्यानुरूप पौध तैयार करने को कहा। बैठक में एसीईओ जिला परिषद महेंद्र सैनी, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान में गुंडाराज का आलम,दलितों और गरीबों पर बढ़ रहे अत्याचार -नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली

**मरुधर विशेष**

**अलवर(सुनील मेघवाल)** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने फिर एक बार राजस्थान प्रदेश में पनप रहे गुंडाराज के खिलाफ सरकार पर जमकर हमला बोला है। जूली बोले राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद दलितों पर अत्याचार का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है और सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जूली बोले इस सरकार के राज में जब एक दलित नेता को उनके नुमाइंदे टारगेट कर सकते हैं तो आम दलित की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किससे की जा सकती है। अलवर जिले के




काठुवास में एक दलित युवक की डंडे से कायरतापूर्ण की गई मारपीट के बाद जूली ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। जूली ने कहा कि काठूवास अलवर की घटना हमारी संवेदनाओं को झकझोरने वाली आज प्रदेश की हकीकत हैं। भाजपा सरकार के राज में दलित, आदिवासी और गरीब होना गुनाह हो गया है । उन्होंने कह कि प्रदेश में आलम यह है कि मारो, पीटो, फिर पुलिस थाने में एफ आई आर मत होने दो, यही सच्चाई है भाजपा के राज की है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। गरीबों, दलितों, पिछड़ों पर हो रहे हमले इस बात के प्रमाण हैं कि सरकार की संवेदनशीलता खत्म हो चुकी है और सत्ता मौन तमाशबीन बनी बैठी है। उन्होंने कहा कि दलितों-आदिवासियों और गरीबों के न्याय की लड़ाई के लिए कांग्रेस का कार्यकर्ता सड़कों से लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे।

# शहर मे लगी सड़को के बीच लगी जानलेवा ग्रिल हटाने की जरूरत नपा प्रधान वीरेंद्र सिंह एडवोकेट

### उच्च अधिकारियो क़ो कई बार ग्रिल हटाने क़ो लिख़ चुके पत्र

**मरुधर न्यूज**

**सुनीता सैनी** बावल कस्बे के प्राणपुरा रोड पर पट्रोल पम्प के पास बाइक डिवाइडर से टकराने से 31वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस नें शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों क़ो सोप दिया है पहले भी ग्रिल मे करंट आने से युवक की मौत हो चुकी है रेवाड़ी रोड प्रानपुरा रोड मैन बाजार रेलवे रोड पर लगी ग्रिल क़ो हटाने के लिए नगरपालिका प्रधान वीरेंदर सिंह एडवोकेट कई बार मांग कर चुके है अप्रूवल नहीं मिलने के कारण नहीं हट सकी जानकारी के अनुसार संदीप कुमार नजदीक गांव मे अपनी बहन के घर आया था नारनौल के पास गांव डोंगली का रहने वाला है बाइक से बावल जा रहा था पट्रोल पम्प के पास बाइक



डिवाइडर से टकरा गई और बीच मे लगी ग्रिल मे फ़स गया आसपास के लोगो की सहायता से निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ से रेवाड़ी रेफर कर दिया जहाँ अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई मोके पर पुलिस नें परिजनों की मौजूदगी मे शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों क़ो सोप दिया है गौर करने लायक बात यह है की पहले भी लोहे की ग्रिल मे करंट आने से रेवाड़ी रोड पर एक युवक की जान चली गई थी नगरपालिका प्रधान वीरेंद्र सिंह एडवोकेट लगातार ग्रिल क़ो हटाने की मांग करते रहे है इसको लेकर उच्च अधिकारियो तक क़ो हटाने की अनुमति मांग चुके है आर टी आई से मिली जानकारी मे बताया है बिना परमिशन के ग्रिल लगाई है रोड संकरा होने के कारण लगातार सड़क हादसे होते रहते है इनको हटाया जाना चाहिए नपा प्रधान नें कहा जनता से मिलकर मुहीम चलाई जायगी जिससे ग्रिल क़ो हटाया जा सके

# आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन का हुआ आयोजन

**मरुधर विशेष**

**बहरोड़(धर्मेन्द्र चर्खिया)** मंथन फॉउन्डेशन इकाई बहरोड़ व महिला इकाई द्वारा कस्बे के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में आपके लिए व्यर्थ पर दूसरों के लिए जरूरी कैंपेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक रोहित कुमार जैन व रेखा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में घरों से निकलने वाले पहनने योग्य कपड़े, खिलौने, बर्तन, जूते, शॉल, स्वेटर, बैग इत्यादि सामग्री एकत्रित की गई तथा पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा संचालित निःशुल्क भोजन व्यवस्था के लाभान्वित लगभग 200 जरूरतमंद लोगों को यह सामग्री वितरित की। गौरतलब है कि मंथन द्वारा गत 10 वर्षों से यह अभियान जारी है जिसमें अब तक सैकड़ों परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। साथ ही मंथन राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि समिति द्वारा नियमित रूप से





संचालित इस नेक कार्य हेतु सीताराम गुप्ता, कैलाश तिवाड़ी गुरुजी सहित पदाधिकारियों को मंथन फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंथन संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता



गोस्वामी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, महिला इकाई अध्यक्ष नेहा जैन, सचिव रेनू गोयल, कोषाध्यक्ष चेतना यादव, रेखा अग्रवाल, बबीता गोयल, बहरोड़ इकाई चार्टर अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार जैन, देवेंद्र निमोरिया, अंकित सेन सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद राठ शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

**मरुधर न्यूज**

**बहरोड़।(धर्मेन्द्र चर्खिया)** भारत विकास परिषद राठ शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह बहरोड़ के मंगल मैरिज होम में धूमधाम से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में राठ शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रोहिताश गुप्ता को अध्यक्ष, अनिल यादव को सचिव और गोपाल शर्मा को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संगठन सचिव अशोक मित्तल और मुख्य वक्ता के रूप में हेमंत जोशी, प्रांतीय संरक्षक, राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर एस त्यागी, प्रांतीय अध्यक्ष, राजस्थान उत्तर-पूर्व प्रांत ने की,



जबकि शपथ अधिकारी ने नई कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 25 नए सदस्यों को भी परिषद की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद आर.पी. गौतम भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की संयोजकता एस.के. गुप्ता ने की, जबकि मंच संचालन हरिप्रसाद अग्रवाल ने किया। समारोह में राठ शाखा के संरक्षक डॉक्टर बीडी गुप्ता, सतीश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रूप किशोर गुप्ता, प्रकाश जांगिड़, सतवीर यादव, दीवान सिंह सहित परिषद के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इसके अलावा, कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के बाद अल्पाहार और भोजन की व्यवस्था भी की गई, जिससे उपस्थित सभी अतिथियों और सदस्यगणों का स्वागत किया गया

# नीमराना अभिभाषक संघ की 77 दिन से चल रही अनिश्चितकाल हड़ताल हुई समाप्त

### सरकार के पास कोई बजट नहीं है कहीं भी डीजे कोर्ट या एडीजे कोर्ट नहीं खुल रहा

### बहरोड़ विधायक जसवंत यादव ने मिठाई खिलाकर अनशन कराया समाप्त


**मरुधर विशेष**

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना अभिभाषक संघ के द्वारा नीमराना में एडीजे कोर्ट खुलवाने की मांग को लेकर 77 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा था। सोमवार दोपहर को बहरोड़ विधायक जसवंत यादव अधिवक्ताओं के बीच पहुंचकर मिठाई खिलाकर अनिश्चितकालिन चल रहा धरना को समाप्त कराया। बहरोड़ विधायक जसवंत यादव ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के द्वारा डीजे कोर्ट



खोलने को लेकर कोटपूतली के पक्ष में पैरवी की गई। लेकिन उसके बाद फिर से जांच कमेटी बैठा दी गई उसकी रिपोर्ट के बाद डीजे कोर्ट और एडीजे कोर्ट खोलने की कार्रवाई होगी।अभी सरकार के पास कोई बजट नहीं है ऐसी घोषणा होने से क्या कोर्ट खुल जाएंगे। घोषणा तो नीमराना में भी खोलने की कर दे लेकिन सरकार के पास बजट ही नहीं है। नीमराना में एडीजे कोर्ट खोलने की पूरी पैरवी करूंगा। विधायक के द्वारा अध्यक्ष मुकेश सिरोहीवाल, उपाध्यक्ष नवीन बाला सहित अधिवक्ताओं को मिठाई खिलाकर 77 दिन से चल रहा अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कराया। वही धरना समाप्त करने को लेकर अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष नवीन बाला का कहना है कि विधायक के द्वारा हमें आश्वासन दिया गया है ।जैसे ही कोर्ट खोलने की कार्रवाई होगी तो नीमराना में एडीजे कोर्ट सर्वप्रथम खोला जाएगा। 77 दिन से एडीजे कोर्ट की मांग को लेकर धरना चल रहा था मुझे जानकारी नहीं थी।अब मुझे जानकारी हुई है तो मैं आपके बीच पहुंचा हूं यह मेरी अज्ञानता रही। इस अवसर पर बार अध्यक्ष मुकेश सिरोहीवाल, रामनिवास सामरिया,जितेंद्र सामरिया, मकरध्वज शर्मा, पूरन सिंह मीणा, संजय शर्मा,सुनील यादव,शीतल यादव, अशोक निभोरिया,भानु प्रताप सिंह ,राजू शर्मा, विजय चौहान, जयकिशन पचेरवाल, रविंद्र सामरिया,हिम्मत सिंह आर्य ,वीरसिंह यादव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सत्यनारायण मंदिर का चार दिवसीय पाटोत्सव - दिनांक 11 से 14 मई 2025



**मरुधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** चौबीसा मेवाड़ा ब्राह्मण समाज की आज मोहन कॉलोनी संस्था भवन में समाज के पदाधिकारीयों, सदस्यों व युवाओं की बैठक आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता श्री ललित जोशी ने की। बैठक में सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि श्री सत्यनारायण मंदिर का पाटोत्सव दिनांक 11 से 14 मई 2025 तक मनाया जायेगा।इसके अंतर्गत 11 मई श्रीसत्यनारायण कीर्तन मण्डल के सानिध्य में संगीतमय श्री हनुमत चरित्र पाठ, 12 मई को श्री सत्यनारायण व्रत कथा, 13 मई को श्री सत्यनारायण महिला मण्डल द्वारा भजन संध्या आयोजित होंगी एवं 14 मई को अभिषेक, यज्ञ, शोभायात्रा एवं महाप्रसाद का आयोजन होगे। यज्ञ कार्य पंडित राकेश जोशी के आचार्यत्व में होगा। बैठक में कुंजबिहारी जोशी, माधव जोशी, कैलाश जोशी, मनकामेश्वर जोशी, लोकेश जोशी, उमाकांत जोशी ने विचार व्यक्त किये । आभार जयदीप पुरोहित ने व्यक्त किया। ये जानकारी जयदीप पुरोहित सचिव : चौबीसा मेवाड़ा ब्राह्मण समाज, बांसवाड़ा ने दी।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732